रांची में नकली सॉस और विनेगर फैक्ट्री पर छापा, फूड टेस्टिंग लैब में भेजा गया सैंपल - FAKE SAUCE FACTORY

रांचीः झारखंड के अलग-अलग शहरों में मिलावटखोर हावी होते जा रहे हैं. फूड सेफ्टी विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर रातू थाना क्षेत्र में मौजूद एक मकान में रेड डाला तो सबके होश उड़ गए. वहां से 4020 लीटर सॉस और 960 लीटर विनेगर बरामद हुआ है. खास बात है कि वहां से सब्जी (टमाटर और मिर्च) का एक कतरा भी बरामद नहीं हुआ है. जिसका इस्तेमाल आम तौर पर अलग-अलग तरह के सॉस बनाने में होता है.

बरामद सैंपल को स्टेट फूड टेस्टिंग लैब में भेज दिया गया है. छापेमारी का नेतृत्व रांची के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन ने किया. उनके साथ खाद्य सुरक्षा कर्मी शिवनंदन यादव और सजल श्रीवास्तव के अलावा रातू थाना के पुलिसकर्मी भी रहे.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/food-safety-department-team-raid-fake-sauce-and-vinegar-factory-in-ranchi-jharkhand-news-jhs25060306947